अ.शा.पत्र सं.12016/05/2024-रा.भा.(का.2)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सत्यमेव जयते

G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

डॉ० मीनाक्षी जौली
संयुक्त सचिव
DR. MEENAKSHI JOLLY
JOINT SECRETARY
Telefax : 23438130
E-mail : jsol@nic.in

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
गृह मंत्रालय
MINISTRY OF HOME AFFAIRS
राजभाषा विभाग
DEPARTMENT OF OFFICIAL LANGUAGE
चतुर्थ तल, एन.डी.सी.सी.-II भवन,
4th FLOOR, N.D.C.C.-II BHAWAN,
जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001
JAI SINGH ROAD, NEW DELHI-110001

महोदय / महोदया,

दिनांक: 28 अगस्त, 2024

जैसा कि आप जानते ही हैं, 14 एवं 15 सितंबर, 2024 को नई दिल्ली के भारत मंडपम् में हिंदी दिवस और चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसकी अध्यक्षता माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी करेंगे। उनके साथ अनेक गणमान्य व्यक्ति भी सम्मेलन का हिस्सा होंगे। इसमें देश भर के केंद्र सरकार के आठ हजार से अधिक अधिकारियों/कर्मचारियों के भाग लेने की संभावना है।

अखिल भारतीय स्तर के इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए मंत्रालयों/विभागों/बैंकों/उपक्रमों आदि के संयुक्त सचिव और उससे उच्चतर स्तर के अनेक अधिकारियों के भाग लेने की संभावना है, इसलिए इस विभाग को उनकी गरिमा के अनुरूप सीटिंग व्यवस्था करानी है।

मैं आभारी होऊंगी यदि आप अपने मंत्रालय/विभाग/बैंक/उपक्रम आदि से इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए नामित किए गए संयुक्त सचिव एवं उससे उच्चतर स्तर के अधिकारियों के नाम ईमेल (jsol@nic.in) के माध्यम से अधिकतम 03 सितम्बर, 2024 तक भिजवाने की व्यवस्था करा दें ताकि इस वरिष्ठ अधिकारियों के सम्मेलन स्थल पर बैठने की समुचित व्यवस्था अग्रिम रूप से कराई जा सके।

सादर,

शुभेच्छु,

मीनाक्षी जौली

(डॉ. मीनाक्षी जौली)

प्रति:-

मंत्रालय/विभाग/बैंक/उपक्रम के संयुक्त सचिव/विभागाध्यक्ष